# अभ्यास प्रश्न - पत्र कक्षा: 8 विषय: विज्ञान

**प्रश्न क. सही विकल्प चुनकर लिखिए: ( 5 x 1 = 5 अंक)**

1. फसलों को नाइट्रोजन प्रदान करने वाला प्रमुख उर्वरक कौन-सा है?
   (क) पोटाश (ख) यूरिया (ग) फास्फेट (घ) खाद
2. इनमें से कौन-सा रोग वायरस (विषाणु) द्वारा होता है?
   (क) टाइफाइड (ख) क्षय रोग (ग) पोलियो (घ) हैजा
3. सल्फर डाइऑक्साइड को जल में घोलने पर कौन-सा अम्ल बनता है?
   (क) सल्फ्यूरिक अम्ल (ख) सल्फ्यूरस अम्ल (ग) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल (घ) नाइट्रिक अम्ल
4. कोशिका में गुणसूत्र (Chromosomes) कहाँ पाए जाते हैं?
   (क) केंद्रक (ख) कोशिका द्रव्य (ग) रिक्तिका (घ) कोशिका झिल्ली
5. एक टैडपोल जिस प्रक्रिया द्वारा वयस्क मेंढक में विकसित होता है, वह है:
   (क) निषेचन (ख) कायांतरण (ग) मुकुलन (घ) विखंडन

**प्रश्न ख.रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए: ( अंक - 5 )**

6. _________ एक जीवाश्म ईंधन है।
7. ध्वनि की प्रबलता _________ पर निर्भर करती है।
8. आपतन कोण हमेशा _________ कोण के बराबर होता है।
9. संकटापन्न जातियों का रिकॉर्ड _________ बुक में रखा जाता है।
10. _________ अधातु होते हुए भी विद्युत का सुचालक है।

**प्रश्न ग. लघु उत्तरीय प्रश्न (Section B: Short Answer) (10 x 2 = 20 अंक)**

11. सिंचाई की दो आधुनिक विधियों के नाम लिखिए।
12. प्रतिजैविक (Antibiotics) क्या हैं? उदाहरण दीजिए।
13. थर्मोप्लास्टिक और थर्मोसेटिंग प्लास्टिक में दो अंतर बताइए।
14. कोशिका के किन्हीं दो अंगों के नाम और उनके कार्य लिखिए।
15. अंतःस्रावी ग्रंथियाँ क्या हैं? किन्हीं दो के नाम लिखिए।
16 दाब (Pressure) किसे कहते हैं? इसका सूत्र लिखिए।
17. संपर्क और असंपर्क बल में अंतर स्पष्ट कीजिए।
18. संगीत और शोर (Noise) में क्या अंतर है?
19. 'नियत परावर्तन' और 'विसरित परावर्तन' को समझाइए।
20. सौर मंडल के किन्हीं दो ग्रहों के नाम और उनकी विशेषता लिखिए।

**खंड घ'. विस्तृत उत्तरीय प्रश्न (Section C: Long Answer) (5 x 6 = 30 अंक)**

21. पादप कोशिका और जंतु कोशिका में कोई तीन अंतर लिखिए।
22. कोशिका का नामांकित चित्र बनाइए।
23. धातुओं और अधातुओं के भौतिक गुणों की तुलना कीजिए। (कोई 4)
24. क्या होगा यदि हम कॉपर सल्फेट के घोल में लोहे की कील डालें? अभिक्रिया का समीकरण लिखिए।
25. बाह्य निषेचन और आंतरिक निषेचन को उदाहरण सहित समझाइए।

**खंड च.' प्रयोगात्मक एवं चित्र आधारित प्रश्न (Section D) (2 x 5 = 10 अंक)**

26. मोमबत्ती की ज्वाला का नामांकित चित्र बनाइए और इसके विभिन्न क्षेत्रों (Zones) का वर्णन कीजिए।
27. एक विद्युत परिपथ (Electric Circuit) का चित्र बनाइए जिसमें एक सेल, एक बल्ब और एक स्विच जुड़ा हो। यह परिपथ विद्युत धारा के किस प्रभाव को दर्शाता है?

I